कोटद्वार, सोमवार
1 जुलाई 2024
वर्ष: 46
अंक: 68 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### इतिहास में पहली बार दो क्लासमेट के हाथ में होगी सेना की कमान

नई दिल्ली ,भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज से सेना प्रमुख का अपना नया पदभार संभालेंगे। इसमें खास बात यह है कि इतिहास में ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब दो क्लासमेट अपने–अपने सेनाओं के प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे। बता दें, लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी और एडमिरल दिनेश त्रिपाठी आर्मी और नेवी के चीफ होंगे। जानकारी के मुताबिक नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और नामित सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी मध्य प्रदेश के सैनिक स्कूल रीवा में 5वीं क्लास में एक साथ पढ़ते थे। स्कूल टाइम से ही इन दोनों लोगों में काफी अच्छी दोस्ती है। वहीं सेना के अलग–अलग अंगों में जिम्मेदारी संभालने के बावजूद यह लोग हमेशा संपर्क में रहे। जानकारी के मुताबिक इनके रोल नंबर भी आसपास ही थे। जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी का रोल नंबर 931 और एडमिरल दिनेश त्रिपाठी का 938 था।

जानकारी के मुताबिक एक रक्षा अधिकारी ने बताया कि सेना में अधिकारियों के बीच मजबूत दोस्ती सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल को और मजबूत करती है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ए भारत भूषण बाबू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दो छात्रों को ट्रेनिंग देने का यह सम्मान, जो 50 साल बाद अपनी–अपनी सेनाओं का प्रमुख बनेंगे, रीवा के सैनिक स्कूल को जाता है। बता दें कि दोनों क्लासमेट की जॉइनिंग भी लगभग एक ही समय पर हुई हैं। एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने एक मई को नेवी की कमान संभाली थी। वहीं लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज आर्मी चीफ की अपनी नई जिम्मेदारी को संभालेंगे। उपेंद्र द्विवेदी जनरल मनोज पांडे की जगह लेंगे, जो रिटायर होने वाले हैं।

### दतिया में शराब पीने को लेकर हुए विवाद में गोली चली, एक महिला की मौत, एक गंभीर

दतिया , मध्य प्रदेश के दतिया जिले में शराब पीने को लेकर हुए विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। विवाद इस कदर बढ़ गया कि शनिवार देर रात गोलियां भी चलीं, जिसमें एक महिला की मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वनवास गांव में शराब पीने को लेकर रतिराम यादव और सरपंच के भाई रविंद्र के बीच हुए विवाद ने शनिवार देर रात खूनी रूप ले लिया। आरोप है कि सरपंच अपने साथियों के साथ रतिराम के घर पहुंचा और मारपीट की। इसी दौरान फायरिंग भी हो गई। एक गोली रतिराम की बहू अहिल्या को लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसकी भतीजी भी गंभीर रूप से घायल हुई है। घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है।बताया गया है कि शुक्रवार की शाम को रतिराम यादव का सरपंच अरविंद यादव के भाई रविंद्र से शराब पीने को लेकर विवाद हो गया था। इस दौरान गांव के लोगों ने दोनों ही पक्षों को समझाया और किसी तरह मामला शांत हुआ। शनिवार की देर रात को हुई फायरिंग के बाद पुलिस बल गांव पहुंचा और हालात पर नजर रखे हुए हैं।

### नए कानूनों के लिए मध्य प्रदेश पूरी तरह तैयार


भोपाल ,देश की कानून और न्याय व्यवस्था के लिए एक जुलाई इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाली तारीख है। सोमवार से देश में तीन नए कानून अमल में आ रहे हैं। इन कानूनों को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए मध्य प्रदेश पूरी तरह तैयार है।

आईपीसी की 511 धाराओं की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 358 धाराएं होंगी। इसमें 21 नए अपराध जुड़े हैं और 41 धाराओं में सजा बढ़ाई गई है। इसके अलावा पहली बार छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा जोड़ी गई है। इसी तरह सीआरपीसी के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) अस्तित्व में आ रहा है।

नए कानूनों को अमल में लाने और लागू करने के लिए पुलिस बल को सबसे ज्यादा सक्षम बनाने की जरूरत है। यही कारण है कि मध्य प्रदेश में छह महीने में पुलिस बल और विवेचकों को इसके लिए तैयार किया गया है।

# दुनियां के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ-मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम को संबोधित किया। तीसरे कार्यकाल में पीएम मोदी ने पहली दफा इस कार्यक्रम के जरिए लोगों से कई नई चीजें साझा की। पीएम ने आम चुनावों में लोगों द्वारा बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उनका धन्यवाद भी दिया। पीएम ने कार्यक्रम में आगे कहा कि 'मन की बात' से बहुंत लंबा ब्रेक हो गया था, मैं हमारी बातचीत को मिस कर रहा था। आज आखिरकार वो दिन आ ही गया जिसका हम सभी फरवरी से इंतजार कर रहे थे। 'मन की बात' के जरिए मैं एक बार फिर आपके बीच, अपने परिवार के सदस्यों के बीच आया हूं।



मोदी ने कहा कि फरवरी में मैंने लोगों से कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद मैं फिर मिलूंगा और आज मैं फिर से मन की बात के साथ आप के बीच आया हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं देशवासियों को हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी अटूट आस्था को दोहराने के लिए धन्यवाद देता हूं। 2024 का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ।

**मां के नाम लगाएं पेड़**

मां से हमारा रिश्ता अतुल्य है। 'मां' का दर्जा सबसे बड़ा होता है। पीएम मोदी ने कहा कि मां को हम कुछ दे तो नहीं सकते, लेकिन कुछ कर तो सकते हैं। इसी सोच के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। पीएम ने कहा इस अभियान का नाम है – 'एक पेड़ मां के नाम'। मैंने अपनी मां के नाम पर भी एक पेड़ लगाया है और अब आप भी लगाएं।

**केरल की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व**

'मन की बात' में पीएम ने एक खास तरह के छाते के बारे में बताया। पीएम ने कहा ये छाते केरल में बनते हैं। वैसे तो केरल की संस्कृति में छातों का विशेष महत्व है। छाते वहां की कई परंपराओं और रीति–रिवाजों का अहम हिस्सा हैं, लेकिन मैं जिस छाते की बात कर रहा हूं वो है 'कर्थुम्बी छाता' और ये केरल के अट्टापडी में बनता है। उन्होंने कहा कि ये रंग–बिरंगे छाते केरल की हमारी आदिवासी बहनों द्वारा तैयार किए गए हैं।

### हिज्ब–उत–तहरीर केस में एनआईए की बड़ी कार्रवाई, सुबह–सुबह 10 जगहों पर की छापामारी

तमिलनाडु ,राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हिज्ब–उत–तहरीर केस के सिलसिले में तमिलनाडु में 10 जगहों पर रविवार की सुबह रेड की है। इसमें इरोड जिले के दो जगह शामिल है। सूत्रों ने बताया कि रेड अभी भी जारी है। मामले को लेकर और जानकारी आना बाकी है। इससे पहले 2021 में तमिलनाडु में कई जगहों पर तलाशी के बाद एक व्यक्ति को मदुरै के हिज्ब–उत–तहरीर केस में गिरफ्तार किया था। इसे मामले में तमिलनाडु के मदुरै शहर के थिडीर नगर पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 13(1)(बी) के तहत केस दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी मोहम्मद इकबाल ने कथित तौर पर एक विशेष समुदाय को बदनाम करने वाले पोस्ट अपलोड करने के लिए अपने फेसबुक अकाउंट थोंगा विजिगल रेंडु इज इन काजिमार स्ट्रीट का इस्तेमाल किया था। इस पोस्ट में एक विशेष समुदाय को बदनाम किया गया और कानून व्यवस्था बिगाड़ने के लिए विभिन्न धर्मों के बीच सांप्रदायिक तनाव को बढ़ावा दिया गया।

# ट्रक के ऊपर गिरा बोल्डर एक की मौत

### शनिवार रात कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुनौतियां कम होने का नाम नहीं ले रही। शनिवार रात कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य ऐता पेट्रोल पंप के समीप एक ट्रक के ऊपर बोल्डर गिर गया। दुर्घटना में ट्रक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

शनिवार दोपहर बारिश के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह-जगह पहाड़ी से मलबा आ गया था। यही नहीं मलबे की चपेट में आने से एक मैक्स वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

जबकि, मैक्स सवार अन्य व्यक्ति चोटिल हो गए थे। मलबा आने से राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात तक भारी जाम लगा हुआ था। इसी दौरान सतपुली से कोटद्वार के तरफ आ रहा एक ट्रक रात करीब साढ़े आठ बजे ऐता पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा। इसी दौरान अचानक पहाड़ी से बोल्डर ट्रक के ऊपर आ गिरे। सूचना मिलते ही दुग्गड़ा पुलिस चौकी से कर्मी



आमसौड़ के समीप बोल्डर गिरने से क्षतिग्रस्त पड़ा ट्रक

मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य शुरू कर दिया। चौकी प्रभारी प्रद्युमन नेगी ने बताया कि दुर्घटना में ट्रक चालक को कोई चोट नहीं आई, लेकिन ट्रक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। बताया कि मृतक व्यक्ति ट्रक में फंसा हुआ है, जिसे बाहर निकलने का प्रयास किया जा रहा है। घायल को दुगड डा के स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### देर रात तक आता रहा मलबा

राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात तक जगह-जगह पहाड़ी से मलबा गिरता रहा। जबकि, दोपहर के समय कोटद्वार से सात किलोमीटर आगे बरसाती रपटे के समीप व दुर्गामंदिर के समीप मलबा आया हुआ था। इसे साफ करने में भी विभाग को करीब पांच घंटे से अधिक का समय लग गया। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा हुआ था।

# सीएम धामी ने बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 111 वां संस्करण सुना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बौद्ध, मठ क्लेमनटाउन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 111 वां संस्करण सुना। मन की बात कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने मन की बात में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की बात कही। विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से आह्वाहन किया कि इस मानसून सीजन में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण और संवर्द्धन में अपना योगदान अवश्य दें। वृक्षारोपण के साथ जल संचय की दिशा में भी योगदान देने के लिए उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वाहन किया है।



मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में तिब्बती समुदाय के लोगों से भी अनुरोध किया कि वृक्षारोपण और जल संचय के अभियान में वे भी सक्रिय भागीदार बनकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सबको सामूहिक प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने का कार्य किया। 10वें अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर अनेक देशों में योग के बड़े कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। दुनिया में योग करने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि योग और आयुर्वेद की भूमि है। स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कर्मयोगी के रूप में भारत को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। भारत की सोच हमेशा से विश्व बंधुत्व की रही है।

इस अवसर पर विधायक विनोद चमोली, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


### नीट पेपर लीक : गुजरात में सीबीआई ने जय जलाराम स्कूल के चेयरमैन को हिरासत में लिया

अहमदाबाद ,नीट (यूजी) पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पंचमहल जिले के जय जलाराम स्कूल के चेयरमैन दीक्षित पटेल को शनिवार देर रात हिरासत में ले लिया। दीक्षित पटेल को हिरासत में लेने के बाद गोधरा सिविल अस्पताल में उनका मेडिकल कराया गया। नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क में होने के संदेह के आधार पर सीबीआई ने दीक्षित पटेल के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

इससे पहले 27 जून को नीट में धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने दीक्षित पटेल से पूछताछ की थी। इसके अलावा सीबीआई ने कुछ छात्रों के परिजनों के भी बयान दर्ज किए। नीट पास कराने के लिए 10 लाख रुपये की ठगी के मामले में जय जलाराम स्कूल के प्रिंसिपल और एक शिक्षक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि नीट में गड़बड़ी करने के आरोप में गुजरात पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी गिरफ्तारी के बाद ढाई करोड़ रुपए के मनी ट्रेल की बात सामने आई थी।

# हरियाणा में अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी और पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी भाजपा— अमित शाह

चंडीगढ़ , केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने माता मनसा देवी की भूमि पंचकूला से घोषणा करते हुए कहा कि भाजपा किसी भी पार्टी के साथ समझौता नहीं करेगी और अकेले ही पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को हर घर में जाकर प्रत्येक वोटर से वोट की अपील करनी होगी। केंद्रीय गृहमंत्री शनिवार को पंचकूला में आयोजित विस्तृत प्रदेश कार्यकारिणी की दूसरे सत्र की बैठक को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा कि प्रति व्यक्ति प्रति एकड़ अनाज पैदा करने में म्हारे हरियाणा ने रिकॉर्ड बनाया है। देश को रक्षक देने में अनुपातिक तौर पर सबतै आगे म्हारे हरियाणा है। स्वर्ण पदक दिलाने में हरियाणा के धाकड़ खिलाड़ी आगे हैं।



बासमती चावल का उत्पादन सबसे ज्यादा ह्यह्यम्हारा हरियाणाह्लह्ल कर रहा है। लाल डोरे को मालिकाना हक सबसे पहले हरियाणा में दिया गया। आयुष विश्वविद्यालय बनाने के अलावा अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देना हरियाणा के रिकॉर्ड को दर्शाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले 10 सालों में किए गए कार्यों से लोगो को अवगत करवाएं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने हरियाणा प्रदेश में 2,70,000 करोड़ रुपए के विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश में कई असंभव बातों को संभव करके दिखाया है, इनमें अयोध्या का राम मंदिर निर्माण, जम्मू कश्मीर की धारा 370 व 35ए को समाप्त करना, सर्जिकल स्ट्राइक करके पाकिस्तान को संदेश देना, देश में नई शिक्षा नीति को लागू करना शामिल रहा है।

# बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए जम्मू से यात्रियों का एक और जत्था रवाना

जम्मू ,जम्मू–कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए 6,619 तीर्थयात्रियों का तीसरा जत्था रविवार को यहां से घाटी के लिए रवाना हुआ। इससे पहले शनिवार को 13 हजार से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा में दर्शन किए थे। अधिकारियों ने बताया कि 6,619 यात्रियों का तीसरा जत्था रविवार सुबह 151 वाहनों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। उन्होंने कहा, इनमें से 2,781 यात्री 3:50 बजे 151 वाहनों में सवार होकर बालटाल आधार शिविर के लिए और 3,838 यात्री 168 वाहनों में सवार होकर सुबह 4:42 बजे नुनवान (पहलगाम) आधार शिविर के लिए रवाना हुए। दोनों काफिलों को सुरक्षा घेरे में रवाना किया गया। इस साल 52 दिन तक चलने वाली अमरनाथ यात्रा 29 जून को शुरू हुई थी और 19 अगस्त को



रक्षा बंधन के त्यौहार के साथ समाप्त होगी। यात्री 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम–गुफा तीर्थ मार्ग से या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल–गुफा तीर्थ मार्ग से यात्रा करते हैं।

पहलगाम मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने पर ह्यदर्शनह्ल करने के बाद उसी दिन वापस आधार शिविर लौट सकते हैं। समुद्र तल से 3,888 मीटर ऊपर स्थित गुफा मंदिर में बर्फ की एक संरचना है जो चंद्रमा की कलाओं के साथ घटती–बढ़ती रहती है। भक्तों का मानना है कि बर्फ की यह संरचना भगवान शिव की पौराणिक शक्तियों का प्रतीक है।

### महाराष्ट्र में चोरों और बदमाशों की सरकार ने दो साल पूरे किए : संजय राउत

मुंबई ,महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार के दो साल पूरे होने पर संजय राउत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चोरों और बदमाशों की सरकार ने महाराष्ट्र में दो साल पूरे कर लिए हैं। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने आज विज्ञापन देखा, जिसके माध्यम से मुझे पता चला कि चोरों और बदमाशों की सरकार ने महाराष्ट्र में दो साल पूरे कर लिए हैं। ये दो साल धोखाधड़ी के हैं। एक बेईमान, संविधान विरोधी सरकार बनी, नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने उस असंवैधानिक सरकार को ताकत दी।

उन्होंने कहा कि तटस्थ रहने वाले विधानसभा अध्यक्ष ने पक्षपातपूर्ण निर्णय देकर इस सरकार को बचाया और राज्यपाल ने असंवैधानिक बहुमत परीक्षण का आदेश दिया। इन सभी ने इस सरकार को बनाने में अवैध और असंवैधानिक काम किए।

# मन की बात कार्यक्रम जनता से सीधे संवाद: महाराज

### ● करनपुर मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ महाराज ने सुनी मन की बात

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात के 111वें एपिसोड का करनपुर मण्डल के डी.एल.रोड़ स्थित वार्ड नंबर 13 पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लाइव प्रसारण को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम जनता के साथ सीधा संवाद है।

सतपाल महाराज ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 111वें एपिसोड का करनपुर मण्डल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ डी.एल.रोड़, वार्ड नंबर 13 स्थित बूथ नंबर 69 पर लाइव प्रसारण को सुना।

उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश की जनता के साथ सीधा संवाद है। यह



कार्यक्रम सामाजिक क्रांति का संवाहक होने के साथ साथ अच्छे काम करने वालों को भी प्रोत्साहित करता है। महाराज ने कहा कि जनता से सीधे संवाद का ऐसा कार्यक्रम पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री ने नहीं किए। पीएम के संवाद में जीवन वास्तविकता दिखती है। मन की बात कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री श्रीमती मधु भट्ट, मण्डल अध्यक्ष राहुल लारा, मण्डल महामंत्री अवधेश तिवारी, उमा नरेश तिवारी, पवन वर्मा, श्रीमती देविका रानी, श्रीमती बॉबी कुमारी, मनोज कुमार, अजय पाल, सत्यपाल रोहिला, तारा चंद, महेश पाल, श्रीमती बरखा, पंडित भक्ति प्रसंन त्यागी, श्रीमती अनिता देवी, श्रीमती सुमन आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजस्थान भक्ति व शक्ति की भूमि, सनातन धर्म व भारत एक दूसरे के पूरक : सीएम योगी

खैरथल , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान के अलवर जिले के कोटकासिम के लाडपुर में आयोजित संत समागम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रसिद्ध बाबा सोमनाथ मंदिर में आयोजित तृतीय आठमान के विशाल भंडारा में भी हिस्सा लिया। देशभर से यहां आए संतजनों का अभिवादन करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नाथ संप्रदाय भारत के सनातन धर्म का महत्वपूर्ण पंथ है। हमारे सभी कार्यक्रम सनातन धर्म के आराध्य देवों, ऋषि–मुनियों, सिद्धों और संतों के प्रति समर्पित होते हैं। हमारा सनातन धर्म ही भारत की आत्मा है। सनातन धर्म और भारत



एक दूसरे के पूरक हैं। भारत मजबूत होगा तो सनातन धर्म भी मजबूत होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं नाथ पंथ में दीक्षित महाराज भर्तृहरि की पावन साधना स्थली इस लाडपुर गांव में प्रतिष्ठित संत बाबा सोमनाथ जी की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भंडारा कार्यक्रम में शामिल हो रहा हूं। हमारे पूज्य संतों की साधना, समर्पण और लोककल्याण के कार्यक्रम सनातन धर्म और भारत को मजबूती देने के लिए होते हैं। सिद्ध संत योगी खेतानाथ महाराज और उनके शिष्य पूज्य संत महंत सोमनाथ ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए समर्पित किया था। उनकी साधना सनातन धर्म और अनुयायियों के लिए थी। राजस्थान भक्ति और शक्ति की भूमि है। अरावली की पहाड़ियों में अनेकानेक संतों ने लोक कल्याण के लिए साधना की। योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन में उपस्थित तिजारा के सभी भक्तजनों का इस बात के लिए भी अभिनंदन किया कि उन सभी ने विधानसभा चुनाव में यहां से महंत बालकनाथ को जीत दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने बाबा अभयनाथ और बाबा करतारपुरी की प्रतिमाओं का भी अनावरण किया। संत समागम में राजस्थान के पर्यावरण एवं वन मंत्री संजय शर्मा, तिजारा के विधायक बाबा बालकनाथ सहित षड्दर्शन संप्रदाय से जुड़े संतजन और भक्तजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### बिहार के बाद झारखंड में भी अरगा नदी पर बन रहा पुल गिरा

झारखंड ,बिहार के बाद अब झारखंड में भी एक पुल धराशायी हो गया है। प्रदेश के गिरिडीह में अरगा नदी पर बन रहा निर्माणाधीन पुल अचानक भरभराकर गिर गया। 5.5 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा ये पुल रविवार को अचानक गिर गया।

गनीमत रही कि इसमें किसी की जान नहीं गई। जानकारी पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई है। ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन इस पुल का निर्माण करवा रही थी। जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर शाम में हुई मूसलाधार बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश के कारण अरगा नदी का जलस्तर बढ़ गया। नदी के तेज बहाव में निर्माणधीन पुल टूट कर गिर गया। एक पिलर भी टेढ़ा हो गया है।

# रिटायरमेंट से पहले जनरल मनोज पांडे को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

नई दिल्ली ,सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे रविवार 30 जून को सेवानिवृत्ति हो रहे हैं। कार्यकाल के आखिरी दिन उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उनके सेवानिवृत होने के साथ ही लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी रविवार को ही नए सेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे। जनरल मनोज पांडे 26 महीने तक इस पद पर रहे। अपने कार्यकाल के अंतिम दिन उन्होंने वॉर मेमोरियल पर जाकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

अब भारतीय सेना की कमान संभालने जा रहे लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी 30वें सेना प्रमुख होंगे। इससे पहले उन्होंने फरवरी में थल सेना उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया था। सेनाध्यक्ष के रूप में जनरल द्विवेदी की नियुक्ति को सरकार ने 11 जून को मंजूरी दी थी। सन् 1964 में 01 जुलाई को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी को 15 दिसंबर, 1984 को भारतीय सेना की इन्फैंट्री (जम्मू–कश्मीर राइफल्स) में कमीशन मिला था।

लगभग 40 वर्षों की अपनी लंबी और प्रतिष्ठित सेवा के दौरान, वह विभिन्न कमानों, स्टाफ, प्रशिक्षण संबंधी और विदेशी नियुक्तियों में कार्यरत रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी की कमांड नियुक्तियों में रेजिमेंट (18 जम्मू और कश्मीर राइफल्स), ब्रिगेड (26 सेक्टर असम राइफल्स), महानिरीक्षक, असम राइफल्स (पूर्व) और 9 कोर की कमान शामिल हैं।

## एक नजर

### डीएम मयूर दीक्षित से सीवर ठीक कराने की मांग

नई टिहरी। सेक्टर 5 सी में स्थानीय लोगों ने डीएम मयूर दीक्षित से सीवर ठीक कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से सीवर लीकेज के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों में गौरव बिष्ट, महिपाल रावत, अरविंद पडियार आदि ने डीएम से मुलाकात कर बताया कि बीते दो–तीन सालों से सेक्टर 5सी में सीवर लीकेज है। जिससे गंदगी रिसाव होने के कारण पूरे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है। गंदगी के कारण वातावरण भी दूषित हो रहा है। गर्मी के मौसम के चलते दिक्कत बढ़ रही है। सीवर लीकेज को बंद करवाने का कार्य किया जाये। मामले में डीएम ने सम्बंधित विभाग को सीवर लीकेज को बंद करने को निर्देशित किया है।

### केदारनाथ में चौराबाड़ी ताल के ऊपर से आया हिमस्खलन, कोई नुकसान नहीं

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ मंदिर से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित चौराबाड़ी ताल के ऊपर से हिमस्खलन आने से किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। रविवार सुबह 5 बजे हिमालय की पहाड़ी से हिमस्खलन हुआ। जिसे केदारपुरी से कई लोगों ने देखा। बर्फ के गुब्बार का लोगों द्वारा वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल किया गया।रविवार को सुबह 5 बजकर 6 मिनट पर केदारनाथ के चौराबाड़ी के ऊपरी क्षेत्र से हिमस्खलन होने से से बर्फ का गुब्बार धुंए के रूप में दिखाई दिया। केदारनाथ में मौजूद लोगों ने इस दृश्य को देखने के बाद वीडियो भी बनाया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह हुए हिमस्खलन से केदारनाथ में किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ है। लेकिन केदारनाथ से ऊपरी क्षेत्र में जाने वाले यात्रियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतर्क किया गया है कि वे अनावश्यक चौराबाड़ी ताल की तरफ घूमने न जाएं।

### विकास कार्य के लिए प्रतिनिधित्व भी जरूरी : सुयाल

चमोली। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा विकास के कार्यों के लिए डबल इंजन की सरकार और प्रतिनिधित्व जरूरी है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड राज्य को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का काम कर रहे हैं। उत्तराखंड कई क्षेत्रों में मॉडल राज्य के रूप में आगे आया है। रविवार को गोपेश्वर में भाजपा चुनाव कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह भण्डारी ने बदरीनाथ विधानसभा में कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है। इसके साथ ही राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी कई विकास कार्यों को आगे बढ़ाया। अब ये दोनों नेता मिलकर इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

### भंडारी ने विकास के नाम पर मांगे वोट

चमोली। बदरीनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने रविवार को ब्राह्मण थाला सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल रहे। भाजपा प्रत्याशी राजेन्द्र भंडारी ने कहा विकास और निर्माम उनकी प्राथमिकता है। जनता का आशीर्वाद वोट के रूप में उन्हें फिर मिलेगा। तो वे बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र को विकास का मॉडल क्षेत्र बनाने का प्रयास करेंगे। भंडारी ने पोखरी विकासखंड के थाला, पोगठा, गोंदी गिंवाला, ताली कंसारी, थाला बैंड सहित कई गांवों में पहुंच कर विकास के लिए उन्हें वोट की अपील की। बदरीनाथ विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नवल खाली ने दूरस्थ गांव कलगोंठ, पल्ला जखोला, किमाणा, देव ग्राम, बडगींडा सहित गांवों में पहुंच कर वोट मांगे। खाली ने कहा राज्य बनने के 24 सालों में भी जनता शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य सुविधा की जरूरी आवश्यकता के लिए परेशान है। भाजपा और कांग्रेस दोनों जनता की भावनाओं के साथ छल कर रहे हैं।

### गोदियाल ने पोखरी क्षेत्र में मांगे वोट

चमोली। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने पोखरी क्षेत्र के गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी लखपत बुटोला के लिए वोट की अपील की। गोदियाल ने पोखरी के हापला क्षेत्र के गांवों में मतदाताओं से संपर्क किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मसोली गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल–दमाऊ के साथ उनका स्वागत किया। गोदियाल ने भाजपा प्रत्याशी को अवसरवादी बताते हुए कहा ऐसे मौका परस्त लोगों के बहकावे में न आए। गोदियाल ने वोट कांग्रेस प्रत्याशी को देने की अपील की।

# नियमों की अनदेखी, जिंदगी दांव पर लगा रहे श्रद्धालु

● नियमों की अनदेखी कर ट्रैक्टर–ट्रॉली से सिद्धाबली पहुंच रहे श्रद्धालु ● पूर्व में हुई दुर्घटनाओं के बाद भी लापरवाह बना है सरकारी सिस्टम

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर से ट्रैक्टर-ट्राली में लदकर सिद्धबली दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालु अपना जीवन खतरे में डाल रहे हैं। हालत यह है कि बिना फिटनेश व नंबर प्लेट दौड़ रहे यह ट्रैक्टर-ट्रॉली कब किसके जीवन पर भारी पड़ जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि, पूर्व में इन ट्रैक्टर–ट्रॉली के कारण दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। बाजवूद सरकारी सिस्टम भी लापरवाह बना हुआ है।

कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली बाबा से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। ऐसे में जिला बिजनौर के नगीना सहित अन्य गांव के लोग ट्रैक्टर–ट्रॉली में लदकर बाबा के दर्शन को पहुंचते हैं। लेकिन, इन श्रद्धालुओं की लापरवाही कभी भी शहर की सड़कों पर चलने वाले लोगों के जीवन पर भारी पड़ सकती है। तेज रफ्तार में कोटद्वार शहर के बाजार से होकर गुजरने वाले इन ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट तक नहीं रहती। कृषि कार्यों के लिए पंजीकृत यह ट्रैक्टर कई बार सिद्धबली मंदिर के आसपास बीच सड़क पर ही खराब हो जाते हैं। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति भी बनी रहती है। कुछ माह पूर्व राजकीय कन्या इंटर कालेज के समीप ट्रैक्टर–ट्राली का स्टेरिंग लाक हो गया था। जिसके बाद अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। गनीमत यह रही कि उक्त स्थान पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। वहीं, बुद्धा पार्क के समीप भी ट्रॉक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। जिसमें दस से अधिक श्रद्धालु चोटिल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए राजकीय बेस चकित्सालय कोटद्वार लाया गया था।



कोटद्वार में ट्रैक्टर–ट्रॉली में लदकर सिद्धबली दर्शन कर वापस लौटते श्रद्धालु

## राजेश बत्रा अध्यक्ष व रोहित बत्ता बने सचिव

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः लायंस क्लब डिग्निटी की ओर से पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर राजेश बत्रा व सचिव रोहित बत्ता को बनाया गया है। आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष प्रशांत रस्तोगी, सहसचिव अवधेश चमोली, कोषाध्यक्ष राजेश फूल को बनाया गया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने क्लब की मजबूती के लिए कार्य करने का भी संकल्प लिया। कहा कि क्लब लगातार सामाजिक गतिविधियों में अपना योगदान दे रहा है। इसके लिए कई जागरूकता अभियान भी चलाए जाते हैं। यह कार्यक्रम निरंतर बेहतर तरीके से संचालित होते रहे, इसके लिए पदाधिकारियों व सदस्यों को जिम्मेदारी भी दी गई है।

# लाखों की धोखाधडी करने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः पुलिस ने 11 लाख की धोखाधड़ी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के सदस्य को रविवार को मथुरा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। गैंग के सदस्य कम ब्याज पर लोन दिलवाने और लोन की रकम दोगुनी करने का लालच देकर लाखों की साइबर ठगी को अंजाम देते थे।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि बीती 10 अप्रैल को कुल्लू भंवारी निवासी एक महिला ने पौड़ी कोतवाली में शिकायत दर्ज करवाई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर कम ब्याज दर पर लोन देने और लोन की धनराशि को दोगुना करने के नाम पर उनसे 11 लाख की धोखाधड़ी की है। जिस पर कोतवाली पौड़ी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बताया कि पुलिस टीम का गठन करने पर जांच में सामने आया कि लोन दिलाने वाली ये गैंग बिहार और राजस्थान से संचालित हो रहा है।

पुलिस टीम द्वारा अलग अलग प्रदेशों में दबिश देकर मथुरा निवासी हरून पुत्र सपत को मथुरा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के भी प्रयास किए जा रहे है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुकेश गैरोला, मुख्य आरक्षी धीरज सिंह, आरक्षी अमरजीत सिंह शामिल रहे।

## अधिवक्ताओं को दी नए कानून की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः उच्च न्यायालय नैनीताल के निर्देश और जिला जज पौड़ी गढ़वाल अजय चौधरी के निर्देशन में सिमलचौड़ स्थित सिविल कोर्ट परिसर में रविवार को नए कानूनों से होने वाले परिवर्तनों पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर जिला जज कोटद्वार रीना नेगी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार मनोज द्विवेदी व न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार सोनिया द्वारा नए कानूनों के संबंध में अधिवक्ताओं को जानकारी दी गई। कहा कि 1 जुलाई से लागू हो रहे नए कानून आधुनिक समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया में स्पष्टता और निष्पक्षता आती है। ये कानून नागरिकों को सरकारी तंत्र के किसी भी दुरुपयोग से बचाने के लिए कानूनी संरक्षण प्रदान करती है। नए कानून हमारे देश की विधिक प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। कार्यशाला में बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय पंत, रश्मि चंदोला जोशी, सुनील डोबरियाल, कृष्ण कुमार भारद्वाज, प्रवेश रावत, जसवीर राणा, धर्मदीप अग्रवाल, योजना शर्मा, अमित गुप्ता और प्रकाश नेगी सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## केवाईसी शिविर लगाने की मांग

नई टिहरी। ब्लॉक प्रमुख देवप्रयाग सूरज पाठक ने डीएम टिहरी से क्षेत्र के गैस उपभोक्ताओं की केवाईसी करवाने को ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल में शिविर लगवाने का अनुरोध किया है। डीएम टिहरी को भेजे पत्र में ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि, ब्लॉक के सुदूर गांवों तक चंद्रवदनी गैस एजेंसी, अंजनी सैण की ओर से गैस आपूर्ति की जाती है। इनमें कई गांव 85 किमी से अधिक दूरी पर हैं।

## पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः पुलिस कप्तान पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में रह रहे किराएदार ,फेरी वाले और मजदूरों का सत्यापन करने के निर्देश दिए। इन निर्देशों के अनुपालन में रविवार को थानाध्यक्ष रिखणीखाल संतोष पैथवाल द्वारा थाना क्षेत्र में अलग–अलग जगहों पर तीन टीमों का गठन कर सत्यापन अभियान चलाया गया

इस दौरान थाना क्षेत्र में रह रहे बाहरी मजदूरों,फेरी वालों तथा किरायेदारों का सत्यापन किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से सभी को क्षेत्र में रह रहे बाहरी लोगों की सूचना थाने में अनिवार्य रूप से देते हुए सत्यापन कराना आवश्यक है।

बताया कि यदि कोई मकान मालिक और ठेकेदार अपने किराएदारों और मजदूरों का सत्यापन नहीं कराता है तो उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सत्यापन अभियान में अपर उप निरीक्षक कैलाश जोशी, हेड कांस्टेबल राजेश, आदेश कुमार और राहुल कुमार आदि शामिल रहे।

# दूसरे दिन मिला लापता व्यक्ति का शव

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः राष्ट्रीय राजमार्ग कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य बोल्डर की चपेट में आने से दुर्घटनाग्रस्त हुए मैक्स वाहन में लापता व्यक्ति का शव रविवार को बरामद हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर स्वजनों को सौंप दिया। व्यक्ति की तलाश में एसडीआरएफ शनिवार से रस्क्यू अभियान चला रही थी।

शनिवार दोपहर कोटद्वार से पौड़ी जा रहा एक मैक्स वाहन बरसाती रपटे के समीप पहाड़ी से आए बोल्डर की चपेट में आने से खाई में गिर गया था। दुर्घटना के समय मैक्स वाहन में चालक सहित कुल नौ लोग सवार थे। जैसे ही मैक्स पर पहाड़ी से एक भारी पत्थर गिरा। मैक्स सवार आठ लोगों ने कूदकर भागते हुए अपनी जान बचा ली। लेकिन, मुरादाबाद के अंतर्गत कांठ क्षेत्र के ग्राम शाहपुर-अब्दुलवारी निवासी असलम (58) जब तक कूदपाता तब तक भारी बोल्डर मैक्स को धकेलकर खाई में ले गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासन ने मैक्स से कूदने के दौरान घायल पौड़ी पैडुल गांव निवासी मुकेश गुसाई, मुरादाबाद के अंततर्गत काठ क्षेत्र के ग्राम शाहपुर अब्दुलवारी निवासी शकील, चंद्रवीर सिंह व ग्राम गहड़ बुआखाल निवासी संजय को बेस अस्पताल पहुंचाया। जबकि, अन्य लोगों को हल्की चोट ही आई हुई थी। वहीं, पुलिस ने मैक्स सवार असलम की तलाश के लिए भी अभियान चलाया। लेकिन, मैक्स बोल्डर में दबने के कारण उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। रविवार सुबह एसडीआरएफ ने बोल्डर को हटाते हुए मैक्स को खोजकर निकाला तो उसके भीतर ही असलम का शव पड़ा हुआ था।



मैक्स वाहन सवार व्यक्ति की तलाश में रेस्क्यू अभियान चलाती पुलिस

# जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़े युवाः ऋतु

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि युवाओं को अपने भीतर छिपी प्रतिभागों को पहचानकर उन्हें निखारने का प्रयास करना चाहिए। कहा कि आज सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। बदरीनाथ मार्ग प्रेक्षागृह में नाइट्स आफ कोटद्वार डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए विस अध्यक्ष ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के भीतर कोई न कोई प्रतिभा अवश्य छिपी रही है। बस जरूरत है इस प्रतिभा को पहचानकर जीवन में आगे बढ़ने की। कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों को एक बेहतर मंच मिलता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी सहित अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, विपिन रावत, पंकज भाटिया, गौरव जोशी, विराट रावत, आकाश, राखी रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करती विस अध्यक्ष

## 236 अभ्यार्थियों ने नहीं दी परीक्षा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के तहत उप आबकारी निरीक्षक, आबकारी सिपाही, परिवहन आरक्षी, हॉस्टल मैनेजर ग्रेड-3 के पदों में पर रविवार को आयोजित लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण हुई। परीक्षा को लेकर युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

रविवार को आयोजित परीक्षा के लिए जिला प्रशासन की ओर से शहर में 5 परीक्षा केंद्र बनाए गए। परीक्षा की नोडल एवं एडीएम ईला गिरी ने बताया कि परीक्षा में कुल 1373 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1137 लिखित परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 236 अनुपस्थित रहे। बताया कि परीक्षा को लेकर बीआरएमएस, जीजीआईसी, जीआईसी, एमआईसी व एसवीएम इंटर कालेज तिमली में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई।

# छोटे —छोटे प्रयोग करके विज्ञान को रुचिकर बनाए

चमोली। विज्ञान की जटिलताओं और शिक्षण को सरलता से भी छात्र छात्राओं के बीच कैसे रुचिकर बनाया जाय, इस विषय पर गोपेश्वर के आरसीबीएसवीएम इंटर कालेज में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सरस्वती विद्या मंदिर और सरस्वती शिशु मंदिरों के आचार्य, शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। शनिवार देर शाम तक चली इस कार्यशाला में नई शिक्षा नीति, नवीनता के लिए समय–समय पर शिक्षकों आचार्यों को विषय विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यशाला प्रशिक्षण के समापन अवसर पर जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी कुलदीप गैरोला ने कहा कि विज्ञान को रुचिकर बनाने के लिए कक्षाओं में छोटे छोटे प्रयोगों को माध्यम बनाया जा सकता है। कालेज के प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह चौहान ने बताया शिक्षा में नव अन्वेषणों, अनुसंधानों, नव प्रयोगों पर आधारित तीन दिवसीय कार्यशाला में चमोली जिले के विद्या मंदिरों, सरस्वती शिशु मंदिरों के 80 से अधिक शिक्षक आचार्यों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यशाला की विशेषता यह रही कि विषय विशेषज्ञों ने भी विज्ञान, तकनीकी और शिक्षण प्रशिक्षण आ रहे नव प्रयोगों को सरलता से बताया। कुलदीप गैरोला ने कहा अपने आस पास बिखरे और मौजूद संसाधनों से भी शिक्षण और विज्ञान को सीखा समझा जा सकता है। कार्यशाला का शभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निवर्तमान विभाग प्रचारक शरद ने किया। कार्यशाला में संकुल प्रमुख शम्भू प्रसाद चमोला, दिनेश मंदौली, विद्यालय के संरक्षक प्रेम बल्लभ भट्ट, डायट गौचर के प्राचार्य आकाश सारस्वत, मास्टर ट्रेनर अनूप खंडूरी, सम्भाग निरीक्षक मुरलीधर चंदोला, डॉ विनोद चंद्र आर्य समेत शिक्षा और विज्ञान से जुड़े जानकारों ने महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## 32 मेधावियों को मिली छात्रवृत्ति

ऋषिकेश। गोर्खाली सुधार सभा छिद्दरवाला शाखा के वार्षिक अधिवेशन का आयोजन रविवार को हिमालय देवी मंदिर परिसर में किया गया, जिसमें मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। रविवार को शाखा अध्यक्ष केके थापा की अध्यक्षता में गोर्खाली सुधार सभा के वार्षिक अधिवेशन का शुभारंभ हुआ।

मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष पदम सिंह थापा ने कुल 32 मेधावियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना सभा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों नंदराम जोशी, मन बहादुर राना, भक्त बहादुर मल्ल और चंद्रकला गुरुंग को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष केके थापा ने सभा के विगत वर्ष के कार्यों का लेखा–जोखा प्रस्तुत किया। महामंत्री गोपाल क्षेत्री ने सुधार सभा की उपलब्धियां और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। शाखा के पूर्व अध्यक्ष बीबी थापा और उपाध्यक्ष धीरज थापा ने भी अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव गीता भंडारी ने किया।

मौके पर कैप्टन वाईबी थापा, प्रभा शाह, संतोषी शर्मा, दिल बहादुर खत्री, चित्रवीर क्षेत्री, संगीता, पीबी मल्ल, आनंद भंडारी, संजय गुरुंग आदि उपस्थित रहे।

ये हुए सम्मानितः अनुराग शर्मा, आन्या शर्मा, माही मल्ल, मानवी थापा, अदिति मांझी, सानिया शर्मा, दिव्या खत्री, ममता शर्मा, सुहानी, आयुष न्योपाने, सरू थापा, साक्षी, मनीष शर्मा, मिलन थापा, सिया मल्ल, विशाखा शर्मा, सुधांशु थापा, आतीश क्षेत्री, प्रियांशी खत्री, कार्तिक गुरुंग, दिवेश थापा, रक्षित क्षेत्री, शिक्षा बोहरा, अमृत गिरि आदि को छात्रवृत्ति देकर सम्मानित किया गया।

## नशामुक्ति को आयोजित दौड़ में मयंक व महक रहे अब्बल

नई टिहरी। जिला युवा कल्याण और समाज कल्याण विभाग ने संयुक्त रूप से रविवार को बौराड़ी स्टेडियम में नशा मुक्ति जागरूकता मैराथन का आयोजन किया। दौड़ को हरी झंडी दिखाकर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने रवाना किया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि राजेश नौटियाल ने कहा कि नशा समाज सहित लोगों को निजीस्तर पर नुकसान पहुंचाता है।

युवा नशे से दूर रहें। जिसके बाद मैराथन में शामिल युवाओं को नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई। मैराथन में बालक वर्ग में मयंक नेगी और बालिका वर्ग में महक ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेता और उपविजेता धावकों को मुख्य अतिथि राजेश नौटियाल व भाजपा के मीडीया प्रभारी डा प्रमोद उनियाल ने मेडल भेंटकर पुरुस्कृत किया।

# निकिता और कबीर ने जीती पांच किमी मैराथन

श्रीनगर गढ़वाल। बड़ियारगढ़ के मल्ली रिंगोली में पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी स्व. नितिशा नेगी की स्मृति में नशा मोबाइल छोड़ो स्वास्थ्य से नाता जोड़ो थीम पर रविवार को मिनी मैराथन हुई। पांच किमी मैराथन दौड़ में क्षेत्र के 40 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी द्वारा प्रतियोगिता को हरी झंडी देकर रवाना किया। मैराथन निकिता और कबीर ने जीती। मिनी मैराथन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम आने वाले प्रतिभागियों को नगद धनराशि एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। युवक मंगल दल, दिल्ली समिति रिंगोली मल्ली और क्लासिक स्पोर्ट्स के तत्वावधा में आयोजित हुई मैराथन में बालिका वर्ग में निकिता ने पांच किमी रेस में प्रथम,तल्ली रिंगोली की आयुषी ने दूसरा, कांडा लोस्तु की कविता ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कबीर ने प्रथम, संकेत ने द्वितीय, मनीष ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को विधायक कंडारी ने सम्मानित किया। इस दौरान विधायक विनोद कंडारी ने स्व. नितिशा नेगी की स्मृति में खेल प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिए गांव के सभी लोगों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही बड़ियारगढ़ क्षेत्र में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों महाविद्यालय निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया जायेगा। कहा कि भूमि मिल चुकी है। महाविद्यालय में नये कोर्स भी शुरु किए जाएंगे, ताकि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के अन्यत्र ना जाना पड़े। कहा कि भारत दर्शन कार्यक्रम शुरू करने से बच्चे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है। महिला मंगल दलों के लिए जल्द औद्योगिक क्षेत्रों का भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जायेगा। बड़ियारगढ़ क्षेत्र को जोड़ने वाले सड़क को स्टेट सड़क बनाया जायेगा। रिंगोली में गेदरे पर सुरक्षा कार्य हेतु पांच लाख ब्लॉक को दिये गये है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, डॉ. प्रताप भंडारी ने भी प्रतियोगिता के भव्य आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधान राजेन्द्र कैंतुरा द्वारा किया गया। इस मौके प्रीतम सिंह कैंतुरा, राहुल कैंतुरा, रघुवीर कंडारी ,पीटीआई विकास घिल्डियाल, डॉ. विनीत पोस्ती,भाजपा मीडिया प्रभारी विपेन्द्र बिष्ट, सुरेन्द्र भंडारी, मनमोहन सिंधवाल, मोहित, कुंदन रावत, मनमोहन कंडारी, विपिन कंडारी, शशि देवी, गिरीश प्रसाद, सागर, गजेन्द्र सिंह, त्रिलोक सिंह, गोविंद सिंह, धुर्व पुंडीर,व्यापार सभा जिलाध्यक्ष श्रीनगर वासुदेव कंडारी मौजूद रहे।



# एस.पी. ममगाई लिखित ऐतिहासिक नाटक "ज्योतिर्मयी पदमिनी" का लोकार्पण

देहरादून। प्रसिद्ध रंगकर्मी और मेघदूत नाट्य संस्था के संस्थापक एस.पी. ममगाई द्वारा ऐतिहासिक कथानक पर लिखित नाटक ज्योतिर्मय पदमिनी पुस्तक का लोकार्पण रविवार को दून पुस्तकालय और शोध केंद्र के सभागार में आयोजित सादे किंतु गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ।

उत्तराखंड की पूर्व उच्च शिक्षा निदेश-क और प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. सविता मोहन इस अवसर पर मुख्य अतिथि थी जबकि समारोह की अध्यक्षता टिहरी राजपरिवार के संस्कृति ध्वजवाहक ठाकुर भवानी प्रताप सिंह ने की। डॉ. योगेश धस्माना तथा मो. इकबाल अजर इस मौके पर विशिष्ट अतिथि थे।

अपने संबोधन में डॉ. सविता मोहन ने कहा कि किसी भी कथानक को कलाकार अपनी वाणी और अभिनय से जीवंत बनाते हैं और जब दर्शक किसी नाटक के साथ आत्मसात होकर उसमें खुद को तलाशता है तो यही नाटक की सफलता होती है। उन्होंने कहा कि लेखक के भाव अभिनेता के माध्यम से जब दर्शक तक पहुंचते हैं और दर्शक मंत्रमुग्ध होकर उसमें खो जाता है तो नाटक का लेखन सफल माना जाता है। उनका कहना था कि नाटक भारतवर्ष की प्राचीन विधा है। भरत मुनि के नाट्य शास्त्र का भी उन्होंने उल्लेख किया।

डॉ. सविता मोहन ने पदमावती के चरित्र चित्रण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इतिहासकारों में इस चरित्र को लेकर मत भिन्नता है किंतु मलिक मोहम्मद जायसी ने जिस कथावस्तु के साथ पदमावत की रचना की वह अपने आप में अद्भुत है और उसे महज किसी कवि की कल्पना मात्र नहीं कहा जा सकता। उन्होंने इतिहासकारों द्वारा पदमिनी के सापेक्ष और निरपेक्ष दोनों पक्षों के प्रति तर्क देते हुए कहा कि सूफी परम्परा के कवि जायसी ने एक कालखंड का वर्णन तो किया ही है जो अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कलाकारों का आह्वान किया कि वे अपने अंदर अभिनय की भूख बनाए रखें। उनका कहना था कि नाटक के पात्र को जीना ब्रह्म को प्राप्त करने के समान साधना है।डॉ. योगेश धस्माना ने अपने संबोधन में कहा कि नाटकों की रचना और उनका प्रस्तुतिकरण आज के दौर में चुनौती भरा काम है और इस काम को जिस शिद्दत के साथ ममगाई जी कर रहे हैं, वह निश्चित ही स्तुत्य कर्म है। उन्होंने उत्तराखंड की नाट्य परम्परा और इस क्षेत्र में काम कर चुके लोगों के कृतित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।मो. इकबाल अजर ने कहा कि ममगाई जी का कार्य नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है और नाटकों के क्षेत्र में उनका योगदान विशिष्ट रहा है।

ठाकुर भवानी प्रसाद सिंह ने श्री ममगाई को बधाई देते हुए उनसे आग्रह किया कि गढ़वाल की गौरव गाथाओं को भी अपने नाटक की विषयवस्तु बनाएं। उन्होंने महारानी कर्णावती, फतेहप्रकाश तथा कतिपय अन्य विषयों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड के इन ऐतिहासिक विषयों पर अभी तक काम नहीं हुआ है, इन पर नाट्य विधा के माध्यम से काम होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने यथोचित सहयोग की पेशकश भी की।इससे पूर्व सभी अतिथियों का शॉल ओढ़ा कर अभिनंदन किया गया।

रंगकर्मी एस.पी. ममगाई ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि श्री ममगाई नाट्य कर्म को मिशन की तरह जीते हैं और अब तक अनेक नई प्रतिभाओं को तराश चुके हैं।

श्री ममगाई ने कहा कि उन्होंने गहन शोध और अध्ययन के बाद इस नाट्य पुस्तक को तैयार किया है और रंगकर्मियों के लिए यह एक कथावस्तु के रूप में उपलब्ध है।कार्यक्रम के मध्य में नाटक ज्योतिर्मयी पदमिनी नाटक के कतिपय अंशों का कलाकारों द्वारा वाचिक अभिनय भी किया गया।



## एक नजर

### सहसपुर अस्पताल में एक दशक से ठप पड़ी अल्ट्रा साउंड मशीन

विकासनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर में प्रतिदिन दो सौ के करीब की ओपीडी संचालित होती है। इनमें से कई मरीजों को अल्ट्रासाउंड कराने की जरूरत पड़ती है, लेकिन अल्ट्रासाउंड मशीन होते हुए भी यहां एक दशक से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहा हैं। मरीजों को अल्ट्रा साउंड कराने के लिए विकासनगर और प्रेमनगर जाना पड़ता है। ग्रामीण इलाका होने के कारण अधिकतर लोग गरीब तबके के हैं, जिन्हें निजी लैब में अल्ट्रासाउंड कराना भारी पड़ रहा है। सीएचसी सहसपुर ब्लॉक के सौ से अधिक गांवों की स्वास्थ्य सुविधा का प्रमुख केंद्र है। ग्रामीण क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं भी इसी अस्पताल में प्रसव कराने आती हैं, लेकिन गर्भावस्था के दौरान उन्हें अल्ट्रासाउंड की सुविधा इस अस्पताल में नहीं मिल रही है। मरीजों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सीएचसी प्रेमनगर के रेडियोलॉजिस्ट को सप्ताह में दो दिन सीएचसी सहसपुर में अल्ट्रासाउंड करने के निर्देश दिए थे, लेकिन वह सहसपुर नहीं आए। इसके बाद सहसपुर अस्पताल के ही एक चिकित्सक को छह माह के प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। प्रशिक्षण से लौटने के बाद उन्होंने भी अभी तक प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र जमा नहीं किए हैं। इसके चलते अल्ट्रासाउंड मशीन अभी तक ठप पड़ी हुई। उधर, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मोहन सिंह डोगरा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे चिकित्सक के प्रमाण पत्र जमा कराने के बाद उनका पंजीकरण कराया जाएगा। चिकित्सक का पंजीकरण होने के पर ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो सकेगी।

### यूरोलॉजिकल कैंसर जागरूकता के लिए 13 जुलाई को समग्र कार्यक्रम

ऋषिकेश। यूरोलॉजिकल कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करने और समुचित इलाज के लिए एम्स ऋषिकेश की ओर से समग्र कार्यक्रम के तहत 13 जुलाई को विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन उत्तराखंड के राज्यपाल गुरुमीत सिंह इस कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न स्थानों से यूरोलॉजिकल विशेषज्ञ चिकित्सक अपने अनुभवों को साझा करेंगे। एम्स ऋषिकेश की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने बताया कि यूरोलॉजिकल कैंसर से सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों के निदान के लिए यूरोलॉजी विभाग द्वारा लम्बे समय से विशेष अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियानों के तहत जन–जागरूकता के कार्यक्रमों के अलावा सेमिनारों का आयोजन, गोष्ठियां और लाइव कार्यशालाओं का आयोजन शामिल है।

इस श्रृंखला में इसी माह 13 जुलाई को एम्स के मुख्य सभागार में एक वृहद सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित यूरोलॉजिकल कैंसर को मात दे चुके उन सभी लोगों के विचार साझा होंगे, जो एम्स के यूरोलॉजी विभाग में इलाज करवाने के बाद पूर्व में अस्पताल से डिस्चार्ज हो चुके हैं और वर्तमान में स्वस्थ जीवन बिता रहे हैं। यूरोलॉजी विभाग एम्स के हेड डॉ. अंकुर मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह करेंगे, जबकि दिल्ली एम्स के निदेशक प्रो. एम. श्रीनिवास, पीजीआई चंडीगढ़ के निदेशक प्रो. विवेक लाल और बनारस हिन्दू विवि के निदेशक प्रो. एसएन शंखवार विशिष्ट अतिथि होंगे।

### भाजपा प्रत्याशी भड़ाना के समर्थन में हुआ सभा का आयोजन

रुड़की। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि मंगलौर विधानसभा के उपचुनाव मान सम्मान का चुनाव बन गया है। सभी एकजुट होकर पूरी ताकत के साथ भाजपा के पक्ष में अपना मतदान करें। रविवार को कस्बे में व्यापारियों की ओर से भाजपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना के समर्थन में सभा का अयोजन किया गया।

जहां पूर्व काबीना मंत्री स्वामी यतिश्वरानंद ने मंगलौर विधानसभा चुनाव का गणित समझते हुए कहा की यदि सभी एकजुट होकर मतदान प्रतिशत बढ़ाए तो आसानी से इस सीट को निकाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ कार्य कर रहे हैं।

इस बार उनकी मेहनत रंग लाएगी। भाजपा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उन्होंने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि कस्बे में व्यापारियों की सुविधाओं के लिए ठोस कार्य कराए जाएंगे। भाजपा नेता ऋषिपाल बालियान ने कहा कि इस बार जनता के पास सुनहरा अवसर है।

# मुख्यमंत्री धामी ने रविवार को मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं सुनी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में जन समस्याएं सुनी। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए समस्या या शिकायत जिस विभाग से संबंधित है, शीघ्र संबंधित विभाग को भेजकर उस पर की गई कार्यवाही की भी जानकारी ली जाय। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिस समस्या का समाधान थाना, तहसील एवं जिला स्तर पर हो सकता है, वे समस्याएं अनावश्यक रूप से शासन स्तर पर न आये। इस प्रकार की शिकायते आने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिये हैं।



मुख्यमंत्री के समक्ष लोगों ने स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आर्थिक सहायता, विद्युत, जमीन से संबंधित मामलों एवं अन्य समस्याएं रखी। मुख्यमंत्री ने सभी समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिये हैं, कि वे नियमित तहसील दिवस और बीडीसी की बैठकों का आयोजन करवायें। इन बैठकों में सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारियों को प्रत्येक कार्यदिवस में 01 घण्टा जन समस्याओं को सुनने के भी निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये हैं।

इस अवसर पर आईजी गढ़वाल के.एस.नगन्याल, अपर सचिव संजय टोलिया, अपर जिलाधिकारी देहरादून जय भारत सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बजरंग दल ने सेवा सप्ताह कार्यक्रम मनाया

ऋषिकेश। बजरंग दल की ओर से 24 से 30 जून तक सेवा सप्ताह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया, जिसके तहत बजरंग दल ने विभिन्न जगहों पर पौधरोपण, स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। बजरंग दल के जिला मंत्री संतोष राजपूत ने बताया कि 24–30 जून तक सेवा सप्ताह मनाया गया, जिसके तहत शीशम झाड़ी में तपोवन प्रखंड की टीम द्वारा डीडीएस विद्यालय में बजरंग दल द्वारा नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। कालू सिद्ध मंदिर में प्रखंड रानीपोखरी टीम द्वारा साफ–सफाई अभियान चलाया गया। डोईवाला बजरंग दल की टीम द्वारा हनुमान मंदिर राजीव नगर में सेवा भारती के साथ मिलकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कराई गई। लच्छीवाला शिव मंदिर में नगर डोईवाला बजरंग दल टीम द्वारा साफ–सफाई अभियान चलाया गया।

# यूपी की सीमा में लग रहे जाम को खुलवाने में उत्तराखंड पुलिस के छूट रहे पसीने

विकासनगर। चारधाम यात्रा सीजन के चलते इन दिनों उत्तर प्रदेश की सीमा से आने वाले वाहनों की संख्या भी बढ़ गई है। इसके कारण दर्रारीट बॉर्डर पर हर दिन जाम की स्थिति पैदा हो रही है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दोनों की सीमा में जाम लग रहा है।

यहां पर उत्तराखंड पुलिस तो मौजूद है, लेकिन उत्तर प्रदेश की ओर से पुलिस पिकेट नहीं बनाई गई है, इसके चलते दोनों ओर लगे जाम को खुलवाने में उत्तराखंड पुलिस के भी पसीने छूट रहे हैं। रविवार को दो घंटे जाम में यात्री फंसे रहे। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का बॉर्डर दर्रारीट है। बीते साल यहां पर उत्तर प्रदेश सरकार ने भव्य स्वागत द्वार का निर्माण कराया, लेकिन अपनी सीमा में पुलिस पिकेट स्थापित नहीं की। जबकि सीमा के दोनों ओर जाम लगता रहता है। खासकर चार धाम यात्रा के दौरान यातायात का दबाव बढ़ जाता है। इन दिनों भी सैकड़ों यात्री वाहनों की आवाजाही दर्रारीट से हो रही है। वाहनों का दबाव बढ़ने और उत्तर प्रदेश की सीमा में पुलिस पिकेट नहीं होने के कारण हर दिन जाम लग रहा है। रविवार को उत्तर प्रदेश की सीमा से शुरू हुआ जाम दर्रारीट तक लग गया। सुबह आठ बजे से लगे जाम में यात्री दो घंटे तक फंसे रहे। इस दौरान दो किमी से अधिक लंबे जाम को खुलवाने के लिए उत्तराखंड की पुलिस के चार जवानों को खूब पसीना बहाना पड़ा। उमस भरी गर्मी में दो किमी तक उत्तर प्रदेश की सीमा में जाकर पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाया। दर्रारीट में पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है, ऐसे में जाम में फंसे यात्री हलक तर करने के लिए इधर–उधर भटकते रहे।

# रंगमंच कार्यशाला में समाज में फैली कुरीतियों पर कसा तंज

उत्तरकाशी। नाट्य दल संवदेना समूह की दो माह की रंगमंच कार्यशाला का रविवार को समापन हुआ। समूह के कलाकारों ने महिला सशक्तीकरण पर आधारित गढ़वाली कल्यों नाटक मंचन के जरिए मौजूदा दौर में पारिवारिक समाज में फैली कुरीतियों पर तंज कसा। कार्यशाला के दौरान नाटक मंचन, लोकगीत, नृत्य सहित नाट्य विद्या का प्रशिक्षण दिया गया। नाट्य दल संवेदना समूह की ओर से पीजी कॉलेज के प्रेक्षागृह में आयोजित दो माह की रंगमंच कार्यशाला में 51 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। नाटक मंचन के दौरान कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों की जमकर तालियां बटोरी और समाज में फैली कुरीतियों पर तंज कसा। इस नाटक में दिखाया गया कि किस प्रकार आज भी नैतिकता की आड़ में किसी प्रकार अनैतिक कार्यों को लोग अंजाम दे रहे हैं। तो वहीं इसे पीड़ित महिला किस प्रकार से पूरी दुनिया से लड़ कर अपने आप को साबित कर समाज के बीच लोहा मनवाती है। जिन लोगों ने कभी उसका तिरस्कार किया था,अंत में वही लोग उस महिला से माफी मांगते हैं। तो वहीं कलाकारों ने मंच पर पारिवारिक जीवन की छोटी–छोटी बातों को बहुत ही शानदार तरीके से दर्शकों के सामने रखा। नाटक का निर्देशन सहित संगीत अजय नौटियाल और संयोजन जयप्रकाश नौटियाल ने किया। पटकथा लेखिका आशा ममगाईं ने लिखी है। नाटक में डॉ राजेश जोशी, डॉ. दिवाकर बौद्ध, संजय पंवार, गंगा डोगरा, जयप्रकाश नौटियाल, विपिन नेगी, दीप्ति चौहान, दीपा, सुबोध, रोशन, जानह्वी, रानी, सोनिका, आकाश, मानसी, आलोक, अमित, देवराज, नितिन, आशीष ने अभिनय किया।

### सार्वजनिक स्थानों में जागरूकता को पोस्टर लगाए

पिथौरागढ़। सीमांत में साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सार्वजनिक स्थानों में जागरूकता पोस्टर लगाए गए। रविवार को एसपी रेखा यादव के निर्देश पर साइबर वालंटियर डॉ. नीरज चंद्र जोशी ने शहर के विभिन्न बैंकों, एटीएम, दुकानों, सार्वजनिक व भीड़भाड़ वाले स्थानों में जागरूकता से संबंधी पोस्टर चस्पा किए।

### अमरनाथ गुफा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

ऋषिकेश। बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए डोईवाला से श्रद्धालुओं का तीसरा जत्था रविवार को रवाना हुआ। रवानगी से पूर्व दल में शामिल नौ सदस्यों ने क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना की। नौ सदस्यों के दल ने डोईवाला के मणिमाई मंदिर, लच्छेश्वर महादेव मंदिर, गोवर्धन मंदिर में पहुंचकर पूजा–अर्चना की।

दल के सदस्य निवर्तमान सभासद मनीष धीमान ने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए निरन्तर जा रहे हैं। श्रद्धालु अजय सक्सेना ने कहा कि राष्ट्र की मंगल कामना के लिए श्रद्धालुओं का दल बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हो रहा है।

डोईवाला से यह तीसरा जत्था है जो अमरनाथ गुफा के दर्शन के लिए जा रहा है। बाबा के दरबार में देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना की जाएगी।

# मन की बात का हर एपिसोड प्रेरणादायक: प्रेमचंद अग्रवाल

ऋषिकेश। ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को भाजपाइयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना।

कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल समेत अन्य वक्ताओं ने कहा मोदी के मन की बात सुनने से प्रेरणा मिलती है। हरिपुरकला बूथ संख्या 172 में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने भाजपाइयों संग मन की बात कार्यक्रम को देखा और सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 111वें एपिसोड में संस्कृत और संस्कृति की बात की। प्रधानमंत्री का हर एपिसोड नई प्रेरणा देने का काम करता है। बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात हर माह सुनने को मिलेगी। मौके पर भाजपा रायवाला मंडल की अध्यक्ष शिवानी भट्ट, विनोद भट्ट, नरेंद्र सेमवाल, मुकेश भट्ट, हरीश जोशी, पंकज पाल, संदीप शर्मा, प्रियांशु, वैभव पोखरियाल, सुंदरलाल गौड़, देवेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे। उधर, निवर्तमान मेयर अनिता ममगाईं ने आदर्श ग्राम में भाजपा कार्यकर्ताओं संग मन की बात का कार्यक्रम को देखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात से काफी प्रेरणा मिलती है। देश के कोने कोने से वे देश के सामने नए लोगों के प्रकरण लाते हैं। यह ज्ञानवर्धक तो है ही साथ ही नए काम करने के लिए प्रेरणा करता हैं। प्रधानमंत्री मोदी विशेषकर महिलाओं के बारे में स्वावलंबी बनने, आत्मनिर्भर बनने समाज में महिलाओं के उत्थान की बात वे हमेशा करते रहते हैं। इस दौरान मोदी के मन की बात कार्यक्रम से प्रभावित होकर कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। मौके पर हीरा लाल छावड़ा, पंकज शर्मा, पवन शर्मा, मनीष मनवाल, कमला गुनसोला, राजेश गौतम, शुशील छावड़ा आदि रहे।

मोदी के कार्यों का किया गुणगान

डोईवाला। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोईवाला में विभिन्न जगहों पर मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा व सुना। कार्यक्रम के बाद भाजपाईयों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यों का गुणगान किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र नेगी, राजेंद्र तड़ियाल, आशा कोठारी, प्रवीण आदि रहे। उधर, रानीपोखरी में भी भाजपाईयों ने मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

# जागेश्वर के लोगों के हितों को ध्यान में रखकर ही तैयार किया जा रहा मास्टर प्लान

अल्मोड़ा। केंद्रीय राज्य मंत्री बनने के बाद अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा का पहली बार जागेश्वर धाम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मंदिरों में विधि पूर्वक पूजा–अर्चना की। साथ ही जागेश्वर धाम के लोगों को मास्टर प्लान के बारे में भी जानकारी दी। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा रविवार सुबह जागेश्वर धाम पहुंचे।

मंदिर प्रवेश द्वार पर जागेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष नवीन भट्ट की अगुवाई में आचार्य गिरीश भट्ट सहित अन्य पुजारियों ने उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद उन्होंने जागेश्वर ज्योर्तिलिंग, महामृत्युंजय, पुष्टि देवी, बटुक भैरव और कुबेर आदि मंदिरों में विधिवत पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जागेश्वर को



दिव्य और भव्य बनाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। इसके लिए जागेश्वर धाम का मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया कि उनके हितों को ध्यान में रखते हुए ही मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। मास्टर प्लान के शेष कार्य शुरू होने से पहले स्थानीय पब्लिक के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक भी करेंगे। जागेश्वर पहुंचने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश भट्ट, गिरीश भट्ट, विपिन भट्ट, पूर्व प्रधान हरिमोहन भट्ट, पंडित आनंद भट्ट आदि ने केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा को ज्ञापन सौंप मास्टर प्लान के संबंध में उपज रहे असमंजस को दूर करने की मांग उठाई। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि स्थानीय लोगों के हितों के अनुरूप ही मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में वह श्रावणी मेले के उदघाटन से एक दिन पूर्व यानी 15 जुलाई को एक बैठक भी करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पुजारी प्रतिनिधि पंडित नवीन चंद्र भट्ट, मंडल अध्यक्ष हरीश प्रसाद, पूर्व ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख हरीश भट्ट, रूप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### शांति भंग के आरोप में दो पर कार्रवाई

पिथौरागढ़। गंगोलीहाट और बेरीनाग में श्रीराममूर्ति मेडिकल व सीमांत सेवा फाउंडेशन की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगा। रविवार को गंगोलीहाट सीएचसी में आयोजित शिविर में 425 से अधिक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच हुई। सुबह सात बजे से ही यहां लोगों का पहुंचना शुरू हुआ। श्रीराम मूर्ति के डीन व श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. ललित सिंह और उनकी टीम ने मरीजों का बारी–बारी से परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की। डॉ. सिंह ने स्थानीय निवासी गीता रावल को ट्रेक्योस्तेमी श्वास नली व खुशाल सिंह भंडारी के फटे फेफड़े की आईसीडी जांच की। शिविर में रक्त, एक्सरे व ईसीजी जांच भी की गई। नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने डॉ. सिंह व उनकी टीम को सम्मानित भी किया। इधर बेरीनाग में भी बड़ी संख्या में लोगों की जांच की गई। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. विश्वजीत सिंह, डॉ. तरूण बोरा मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर फेल: इंद्रेश मैखुरी

अल्मोड़ा। भाकपा (माले) उत्तराखंड राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक प्रेरणा सदन अल्मोड़ा में संपन्न हुई। भाकपा माले राज्य सचिव कामरेड इंद्रेश मैखुरी ने उत्तराखंड में भाजपा की सरकार हर मोर्चे पर फेल बताया। कहा कि प्रदेश में आए दिन हत्या, महिला अपराध और दलित उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। बीते दिनों हरिद्वार जिले के बहादराबाद में एक नाबालिग युवती के गैंगरेप और हत्या में भाजपा नेता और अति पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष आदित्यराज सैनी का नाम आने पर भाजपा ने उनको पार्टी से तो निकाला, लेकिन गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है। मैखुरी ने कहा कि, बीते दिनों अल्मोड़ा जिले में चार वनकर्मी आग बुझाते हुए मारे गए। साल दर साल वनाग्नि की घटनाएं होने के बावजूद आग बुझाने का कोई प्रभावी तंत्र और उपकरणों का इंतजाम भाजपा सरकार नहीं कर सकी है। उच्चतम न्यायालय की फटकार के बावजूद राज्य की भाजपा सरकार लापरवाह बनी रही और निर्दोषों को उसकी लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ी। बैठक में उत्तराखंड में विधानसभा के बद्रीनाथ और मंगलौर में उपचुनावों में भाकपा(माले) ने प्रदेश की जनता से भाजपा को सबक सिखाने की अपील की। बैठक में कहा कि राज्य कमेटी पार्टी का विस्तार करने, छात्रों, नौजवानों, महिलाओं, किसानों मजदूरों के मुद्दों को सामने लाने और उनके बीच पार्टी को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान संचालित करेगी। बैठक में भाकपा (माले) केंद्रीय कमेटी सदस्य डॉ कैलाश पांडेय, के के बोरा, आनंद सिंह नेगी, अतुल सती, ललित मटियाली, विमला रौथाण, किशोरी लाल, एडवोकेट कैलाश जोशी, अंकित उछोली, अतुल सती जूनियर आदि शामिल रहे।

# शैक्षिक दखल की फेसबुक व शैक्षिक मुद्दों पर केंद्रित पत्रिका प्रकाशित

पिथौरागढ़। सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के एक समूह की ओर से प्रकाशित होने वाली छमाही पत्रिका शैक्षिक दखल के नए अंक का प्रकाशन हुआ।

इस बार का अंक फेसबुक व शैक्षिक मुद्दों पर केंद्रित है। रविवार को शैक्षिक दखल के संपादक महेश पुनेठा ने बताया कि जनवरी–जुलाई संयुक्तांक में यह जानने की कोशिश की गई है कि फेसबुक में सक्रिय हिंदी पट्टी के लोगों के लेखन में शिक्षा के मुद्दे किस रूप में आ रहे हैं। कहा कि टीम ने संपादकीय टीम ने फेसबुक में सक्रिय महत्वपूर्ण लेखकों की वॉल में जाकर इस अंक की सामग्री तैयार की है। इस रूप में यह किसी भी पत्रिका का पहला अंक है। कहा कि शिक्षा पर विविधता पूर्ण सामग्री लिए हुआ यह अंक लोगों को शिक्षा के सवालों पर नई तरह से सोचने व प्रेरणा देगा। पुनेठा ने बताया कि इस अंक का आवरण अम्मार खान ने तैयार किया है। रेखांकन वरिष्ठ साहित्यकार शशिभूषण बडोनी के हैं। कहा कि 162 पृष्ठों की इस पत्रिका में देश–विदेश के 105 लेखकों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, पत्रकारों, साहित्यकारों, शिक्षा कर्मियों आदि की रचनाएं शामिल की गई हैं। उन्होंने बताया कि पत्रिका के आगामी विशेषांक लोक जीवन और संस्कृति व शिक्षा और महिला विषयों पर केंद्रित किए जा रहे हैं।

### लक्सर के गांवों में गन्ना क्षेत्रफल का प्रदर्शन टला

रुड़की। क्षेत्र के गांवों में एक जुलाई से होने वाला गन्ना क्षेत्रफल के सर्वे का प्रदर्शन फिलहाल रुक गया है। दरअसल इस बार अत्यधिक गर्मी होने से कर्मचारियों को खेत में जाकर ऑनलाइन सर्वेक्षण का काम पूरा करने में देरी हुई है। अब यह प्रदर्शन तीन–चार दिन के बाद शुरू होगा। चीनी मिलों में नया पेराई सत्र अमूमन नवंबर महीने में शुरू होता है, लेकिन गन्ना विभाग को सत्र आरंभ होने के काफी पहले से इसकी तैयारियां करनी पड़ती हैं। इसके तहत सबसे पहले गन्ना परिषद के सुपरवाइजर अपने क्षेत्र में गन्ने की रकबे (क्षेत्रफल) का सर्वेक्षण करते हैं। यह सर्वेक्षण उन्हें किसान के खेत में जाकर गूगल मैपिंग की मदद से ऑनलाइन करना होता है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस ने आयोजित की मैराथन दौड़

अल्मोड़ा। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अल्मोड़ा पुलिस ने मैराथन दौड़ आयोजित की। नशा मुक्त भारत का बनाने का संकल्प लिए पुलिस जवानों, नगर के युवाओं संग अल्मोड़ा पुलिस कप्तान ने भी दौड़ लगाई। पुरुष और महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एसएसपी अल्मोड़ा ने पुरस्कृत किया। रविवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत देवेंद्र पींचा एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा जनमानस को नशे के दुष्परिणामों से आगाह करने के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। एसएसपी द्वारा रघुनाथ सिटी मॉल से हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। एसएसपी द्वारा स्वयं भी दौड़ लगाकर प्रतिभाग कर रहे पुलिस जवानों व



नगर के युवाओं का उत्साह वर्धन किया गया। मैराथन दौड़ रघुनाथ सिटी मॉल से आकाशवाणी, करबला, दुगालखोला होते हुए पुलिस लाइन में संपन्न हुई। एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा उपस्थित जवानों व युवाओं को जीवन में कभी नशा न करने व भारत को नशा मुक्त बनाने में अपना अमूल्य योगदान देने के लिये प्रेरित किया गया। मैराथन दौड़ में महिला और पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एसएसपी अल्मोड़ा द्वारा पुरस्कृत किया गया। मैराथन दौड़ के दौरान सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद, सीओ दूरसंचार संचार राजीव कुमार टम्टा, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, महिला निरीक्षक बसंती आर्य प्रभारी सीसीटीएनएस अल्मोड़ा, निरीक्षक दूरसंचार उमाशंकर पांडे, यातायात निरीक्षक दरबान सिंह मेहता, वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश चंद्र कापड़ी कोतवाली अल्मोड़ा, उप निरीक्षक सुनील धानिक सहित अल्मोड़ा पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी गण व नगर के युवा, बच्चे उपस्थित रहे।

# 42 युवकों को रक्तदान पर सम्मान मिला

रुड़की। रक्तदान महादान के नारे को सार्थक करते हुए शिविर में युवाओं में बढ़–चढ़कर रक्तदान किया। इस दौरान 42 युवाओं ने शिविर में भाग लिया। रक्तदाताओं को आयोजकों की ओर से प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रविवार को गांव टांडा भंनेड़ा स्थित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मोहम्मद अजीम के आवास पर जीवन चैरिटेबल ब्लड सेंटर रुड़की की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. मोहम्मद अजीम ने मौके पर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान से किसी भी तरह की कमजोरी नहीं आती है। उन्होंने कहा कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है। उन्होंने लोगों को बताया कि रक्तदान करना बड़ा ही पुण्य



का कार्य है, क्योंकि इससे किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से ये अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक रक्त ब्लड बैंक में जमा हो सके। ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी व्यक्ति को तत्काल आसानी से उसके ग्रुप का खून मिल सके। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में प्रियांशु सैनी, पिंटू, वैभव शर्मा, शोएब अहमद, मोहम्मद अली, नवाब अहमद, अली सफदर, जुबैर अहमद, मोहम्मद सलीम आदि मौजूद रहे।

### मनोज सिंह अध्यक्ष और भुवन पांडे मंत्री बने

हल्द्वानी। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण) की बेस अस्पताल हल्द्वानी शाखा का द्वितीय सम्मेलन रविवार को आयोजित किया गया। बेस अस्पताल के सभागार में आयोजित सम्मेलन में वक्ताओं ने कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को जोरशोर से उठाया। बाद में जिलाध्यक्ष गंगाराम, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरीश पंत व महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र पांडे की देखरेख में चुनाव का आयोजन किया गया। जिसमें मनोज सिंह को शाखा अध्यक्ष, भुवन पांडे को मंत्री, राजेन्द्र को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देवी दत्त को कोषाध्यक्ष, बसंत पांडे को प्रचार मंत्री, हरीश गिरी को संप्रेक्षक, शयामाचरम व जगदीश बेलवाल को सलाहकार चुन लिया गया।

# अस्सी ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार




रुड़की। पुलिस ने दो युवकों को 80 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। कलियर थाना प्रभारी दिलबर सिंह नेगी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते एसएसआई आमिर खान पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की रहमतपुर रोड पर लकड़ी की टाल के पास दो युवक स्मैक बेचने की फिराख में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो दोनों युवक पुलिस को देखकर वहां से भागने का प्रयास करने लगे। तभी पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। युवकों की तलाशी लेने पर उनके पास से 80 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम शालू और शाहरुख निवासी नूर बस्ती छप्पर वाली मस्जिद कोतवाली नगर सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com